>

Title: Need to develop Lonar crater lake in district Buldhana, Maharashtra as a tourist spot and provide adequate transport facilities for tourists visiting the lake site.

श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव (बुलढाणा): मेरे संसदीय क्षेत्र बुलढ़ाणा में एक लोनार केटर स्थान है जहां पर एक तारा टूटकर गिरा था एवं जिस स्थान पर तारा गिरा वहां पर एक तालाब बन गया है और इस तालाब की वजह से लोनार केट्रर को ए ग्रेड का पर्यटन स्थल घोषित किया गया है परंतु यह बताते हुए खेद हो रहा है कि प्रकृति के देन वाले तालाब के 500 मीटर के दायरे में अपार गंदगी है। इस पर्यटन स्थल तक पहुंचने के लिए कोई आने जाने के पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं है जिसके कारण लोग चाहते हुए भी इस स्थान पर नहीं पहुंच पाते हैं और आवागमन के लिए कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस पर्यटन स्थल को विकसित करने में भी केन्द्र सरकार को उचित कदम उठाने चाहिए।

सरकार से अनुरोध हे कि उपरोक्त स्थान की आवाजाही के पर्याप्त साधन उपलब्ध करवाये जाये और इस पर्यटन स्थल को विकसित किया जाये।